an>

Title: Issue regarding alleged misuse of money and power in Panchayat elections in Uttar Pradesh.

श्री ददन मिश्रा (श्रावस्ती) : सभापति महोदय, शीतकालीन सत्र में इसी सदन में हमने पंचायत चुनावों में धनबल, बाहुबल, सत्ताबल को रोकने के लिए इन चुनावों को सीधे जनता द्वारा कराने का प्रस्ताव रखा था। समाजवादी पार्टी के मुखिया भी इसी सदन में मौजूद थे, उन्होंने भी हमारे प्रस्ताव का समर्थन किया था। उसके तत्काल बाद उत्तर प्रदेश में पंचायत के जो चुनाव हुए, उसमें जिस तरह से धनबल, बाहुबल और सत्ताबल का घोर दुरूपयोग किया गया और आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई गई, लोकतंत्र की हत्या की गई, उसका मैं स्वयं भुगतभोगी हूँ, मैं पीड़ित हूँ, इसलिए मुझे दो मिनट बोलने का मौका दिया जाए। सभापति महोदय, हमारे बड़े भाई विकास खण्ड प्रयागपुर, जनपद बहराइच के वर्तमान ब्लाक प्रमुख हैं। इस बार सीट पिछड़ी जाति महिला के लिए आरक्षित हो गई, इसलिए उन्हें चुनाव से कोई सरोकार और मतलब भी नहीं था। लेकिन जिस तरह से पुलिस ने सारा पुलिसिंग का काम छोड़ कर बीडीसी के अपहरण और धरपकड़ का सिलसिला शुरू कर दिया और उनके परिवारजनों व माँ-बेटियों का अपहरण कर के बंधक बनाया गया कि जब तक बीडीसी नहीं आएगा, तुमको नहीं छोड़ा जाएगा। ऐसी स्थिति में पुलिसिया उत्पीड़न से बचने के लिए लोग सुरक्षा और संरक्षण के लिए स्वाभाविक रूप से हमारे दरवाजे पर आए और उनको सुरक्षा व संरक्षण देना हमारा नैतिक दायित्व और कर्त्तव्य है, उससे मैं पीछे भी नहीं हट सकता हूँ। जिसका नतीजा यह हुआ कि हमारे घर पर तीन-तीन थानों के द्वारा रेड़ डाली गई, थाना प्रयागपुर, विसेसर और रानीपुर की पुलिस के द्वारा हमारे पैतृक आवास पर रेड़ डाली गई। वहां पर अराजकता और दहशत फैलाने का काम किया गया। यह बहुत ही घोर आपत्तिजनक और गंभीर बात है। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON:

Kunwar Pushpendra Singh Chandel,

Shri Bhairon Prasad Mishra and

Shri Sharad Tripathi are permitted to associate with the issue raised by Shri Daddan Mishra.